राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
मंत्रालय, नवा रायपुर, छ.ग.

आग से सुरक्षा के उपाय

क्या करें:

- आग की स्थिति में 101/112 नम्बर पर कॉल करें। इसके अतिरिक्त अपने शहर के दमकल विभाग को भी सूचित करें।
- गीले साफ़ कपड़ो से अपने नाक और मुंह को ढकें।
- कम से कम दो सुरक्षित मार्गों का निर्धारण कर लें ताकि आग के दौरान इन मार्गों का प्रयोग किया जा सके।
- शांत रहे, धैर्य रखें व बिजली के उपकरणों को बिजली के सम्पर्क से हटा दें।
- कम तीव्रता वाली आग से निपटने के लिए पानी व रेत से भरी बाल्टियाँ, कम्बल आदि तैयार रखें।
- अगर कपड़ों में आग लगे तो उन्हें जमीन पर लेट कर बुझाने का प्रयास करें।
- अनियंत्रित आग के दौरान पीड़ित व्यक्ति को कम्बल में लपेटें जब तक कि आग बुझ ना जाए।

क्या न करें:

- इमारत में आग लगने पर सीढ़ियों से बाहर निकले, लिफ्ट का प्रयोग न करें।
- भीड़भाड़ वाले स्थानों, संकरी गलियों और घर के अंदर पटाखे न जलायें।
- अधिक ध्वनि के लिए पटाखों को टिन, कंटेनर या काँच की बोतलों से न ढकें।
- यदि लम्बे या ढीले कपड़ें पहने हुए हैं तो अत्यधिक सावधान रहें, क्योंकि ये शीघ्र आग पकड़ सकते हैं।